जबलपुर | सोमवार। 14 अप्रैल 2025। वर्ष 76 । अंक 69 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 देश को अनपढ़ रखना चाहती है भाजपा


6 जिहादियों की मुट्ठी में पश्चिम बंगाल


7 तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर


8 गेंद से छेड़छाड़ पर गुयाना खिलाड़ियों पर कार्रवाई

# सहकारिता से बदलेगा प्रदेश

**9.5** करोड़ लीटर दूध का मध्य प्रदेश में होता है उत्पादन | **2.5** फीसदी ही सहकारी डेयरी तक आता है | **12** से 24 लाख लीटर दूध कलेक्शन का लक्ष्य बदलना चाहिए : शाह

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. प्रदेश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए राजधानी में रविवार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र सरकार के बीच सहकार्यता अनुबंध निष्पादन किया गया. राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन के इस मौके पर हुए एग्रीमेंट के दौरान देश के गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे.**



इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में एग्रीमेंट में तय किये टारगेट को नाकाफी करार दिया और मध्यप्रदेश की दुग्ध उत्पादन की कितनी क्षमता है, उससे प्रदेश को रूबरू कराया. उन्होंने कहा कि मप्र में 9.5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है, लेकिन सहकारी समितियों के पास महज एक फीसदी से भी कम आता है. इसमें सरप्लस दूध 3.5 करोड़ लीटर है, इसमें से 2.5 फीसदी ही सहकारी डेयरी तक आता है. शाह ने कहा कि 12 से 24 लाख लीटर दूध कलेक्शन का लक्ष्य बदलना चाहिए. अब तो प्रदेश में भाजपा राज में सुशासन है, पहले तो कांग्रेस सरकार के समय में कोऑपरेटिव मर गई थी. अब इसे जिंदा करने का स्वर्णिम अवसर है. कम से कम 50 फीसदी गांवों में डेयरी की पहुंच होना चाहिए. यदि फॉयनेंस की जरुरत पड़ी तो एनडीडीबी मदद करेगी. उन्होंने कहा कि एग्रीमेंट का टारगेट दो मार्गी है, इसे 6 मार्गी होना चाहिए.

शाह ने दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश की तस्वीर पूरी तरह साफ करते हुए कहा कि अभी 17 फीसदी गांवों से ही दूध कलेक्शन की व्यवस्था है. इस एग्रीमेंट से अब 83 फीसदी गांवों तक कोऑपरेटिव के पहुंचने का रास्ता खुला है. मप्र के शहरों में ही 1.2 करोड़ लीटर दूध की मांग है. उन्होंने कहा कि पहले पांच वर्ष में 50 फीसदी गांवों में दूध कलेक्शन का टारगेट बनाएं, इससे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी. मोदी सरकार मप्र सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाजार में किसान दूध बेचता है तो शोषण होता है, इसलिए समिति के पाए आए और दूध बेचे. दूध से पनीर, मठा, छाछ सहित अन्य डेयरी उत्पाद बनेंगे.

इसलिए मध्यप्रदेश को प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का काम करना है. केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि कृषि, सहकारिता और पशुपालन में ढेर सारी संभावनाएं भरी पड़ी है. इसके दोहन के लिए ढेरों काम करने की जरुरत है.

### सरकार अब डंके की चोट पर गाय का दूध खरीदेगी : सीएम

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेरे घर की आय का साधन भी पशुपालन ही था. डॉ. अंबेडकर के जन्मदिन से नई योजना शुरू कर रहे हैं, अधिकतम 200 गाय लेने पर 25 फीसदी अनुदान मिलेगा. अभी दुग्ध उत्पादन में देश में हमारी भागीदारी 9 फीसदी है, इसे 20 फीसदी करना है. पहले दुग्ध संघ गाय का दूध नहीं खरीदते थे. लेकिन सरकार अब डंके की चोट पर गाय का दूध खरीदेगी. उन्होंने कहा कि मप्र सरकार दूरगामी द्रष्टि से काम कर रही है.

## एक नजर में



### अंबेडकर जयंती आज

### पल्ली बने लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू- कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने चार अप्रैल, 2025 को न्यायमूर्ति पल्ली को जम्मू- कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी।

### केरल को गरीबी मुक्त राज्य घोषित कर देंगे

कन्नूर। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने रविवार को कहा कि प्रदेश को आगामी एक नवंबर तक 'अत्यधिक गरीबी मुक्त' राज्य घोषित कर दिया जायेगा। श्री विजयन ने आज यहां पिनाराई कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में कहा कि उनके 'धर्मादम विधानसभा क्षेत्र' को अत्यधिक गरीबी उन्मूलन वाला पहला क्षेत्र घोषित किया गया है। तीन साल पहले एक व्यापक सरकारी परियोजना के साथ शुरू हुई थी जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में अत्यधिक गरीबी को खत्म करना था।

### दिल्ली में हुआ 55 लाख गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द

नई दिल्ली .राजधानी दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बड़ा एक्शन लिया गया है. प्रदूषण को देखते हुए पुरानी गाड़ियों पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है. दिल्ली सरकार ने पुरानी गाड़ियों के प्रबंधन को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं. दिल्ली सरकार के इस आदेश का असर सड़क पर दौड़ रहीं पुरानी गाड़ियों पर पड़ेगा. 15 साल से पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है. दिल्ली में 15 साल से पुरानी गाड़ी 55 लाख से ज्यादा है.

### कोरबा सड़क हादसे में पांच की मौत,पांच बचे

कोरबा. छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार को एक पिकअप के नहर में गिर जाने के कारण नहर के तेज बहाव में दो बच्चे और तीन महिलाएं समेत पांच लोग बह गए जबकि पांच लोगों ने नहर से निकलकर अपनी जान बचाई. यह मामला उरगा थाना क्षेत्र के बमड़वारानी जर्वे के पास का है. मिली जानकारी के मुताबिक करीब 12 लोग पिकअप पर सवार होकर सक्ती जिले के ग्राम रेडा से मुकुंदपुर जा रहे थे. इसी दौरान पिकअप सवार हादसे का शिकार हो गए.

# मुर्शिदाबाद में सीएपीएफ और बीएसएफ तैनात

### 9 कंपनियां और बंगाल पुलिस भी मौके पर डटी
### सूती-शमशेरगंज में हालात सामान्य करने की कोशिश

**कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुर्शिदाबाद में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को तैनात किया गया है। इसके साथ ही बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की नौ कंपनियां और राज्य पुलिस भी हिंसा प्रभावित इलाकों में गश्त कर रही हैं।**

वे मुर्शिदाबाद के सूती और शमशेरगंज में हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार मुर्शिदाबाद में डटे हैं। वे शनिवार शाम से जिले में कैंप कर रहे हैं और रात से ही बातचीत कर रहे हैं। डीजीपी ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि किसी भी तरह की हिंसा और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, बीजेपी के महासचिव और सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) लगाने का आग्रह किया है। इन जिलों में मुर्शिदाबाद, मालदा, नादिया और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी सरकार वक्फ संशोधन कानून को लागू नहीं करेगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### मुर्शिदाबाद के धुलियान से 500 लोगों का पलायन

मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। वहीं, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वक्फ कानून असंवैधानिक है। बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी की भलाई नहीं होगी।

# राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

**नई दिल्ली। तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) रविवार को तीसरे दिन पूछताछ करेगी। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। एनआईए पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था।**



वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और कर्मचारी बी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। कर्मचारी बी को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। 10 अप्रैल को तहव्वुर को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। इसके बाद उसे 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है।

### 52 .67 करोड़ की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

नई दिल्ली। राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मिजोरम के आइजोल के बाहरी इलाके में 52.67 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की। अंतरराष्ट्रीय दवा बाजार में इनकी कीमत 52.67 करोड़ रुपये है। यह जब्ती शुक्रवार को एक अभियान के दौरान की गई। मादक द्रव्य 12 पहियों वाले एक ट्रक में छुपा कर ले जाया जा रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभियान में तस्करी की गई दवाओं को छिपाने और परिवहन करने का एक नया तरीका सामने आया - ट्रक के तिरपाल कवर के भीतर सावधानीपूर्वक पैक किए गएईंट के आकार के 53 पैकेट पाए गए।

# भारत ने दुनिया को दिखाया अपना लेजर हथियार

**नई दिल्ली.भारत ने अब लेजर हथियार प्रणाली से दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने की क्षमता हासिल कर ली है. डीआरडीओ की तरफ से पहली बार इस 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन किया गया.**

इस प्रणाली का उपयोग करके फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को निशाना बनाया गया. ऐसा करके भारत अमेरिका, चीन और रूस सहित उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ऐसी क्षमता दिखाई है.



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने बताया कि एमके-आईआई(ए) लेजर-डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) प्रणाली का सफल परीक्षण राष्ट्रीय ओपन एयर रेंज (एनओएआर), कुरनूल में प्रदर्शित किया गया, जिसमें मिसाइलों, ड्रोन और छोटे प्रोजेक्टाइल को निष्क्रिय करने की तकनीक में महारत हासिल है. उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार, हमसे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने लेजर हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया है. इस्राइल भी इसी तरह की क्षमताओं पर काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि हम इस प्रणाली का प्रदर्शन करने वाले दुनिया के चौथे या पांचवें देश हैं.

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से आठ की मौत

**अनकापल्ली। आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के कैलासपट्टनम गांव में रविवार को एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब श्रमिक पटाखे बना रहे थे। इसी दौरान विस्फोटक पदार्थ में गलती से विस्फोट हो गया।**

मृतकों की पहचान अप्पिकोंडा ताताबाई (50), संगराती गोविंद (45), दादी रामलक्ष्मी (38), देवरा निर्मला (36), पुरम पापा (40), गुम्पिना वेणुबाबू (40), शेनपल्ली बाबू राव (56) और चादलवाड़ा मनोहर (37) के रूप में हुई है। घायलों को नरसीपट्टनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत बहुत गंभीर बताई गई है। सुरक्षित बचे श्रमिकों ने मीडिया को बताया कि शादी-ब्याह का मौसम शुरू होने के कारण पटाखा बनाने वाली यूनिट को भारी ऑर्डर मिले थे। प्रबंधन ने पटाखे बनाने के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक कच्चा माल स्टॉक किया था, जो श्रमिकों द्वारा पटाखे बनाते समय दुर्घटनावश फट गया। अनकापल्ली जिला कलेक्टर विजया कृष्णन ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और डॉक्टरों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को बेहतर इलाज के लिए विशाखापत्तनम के जीजीएच में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।

### मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख मुआवजा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अनकापल्ली जिले में फैक्ट्री हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है।

## विनम्र श्रद्धांजलि



स्व. प्रकाशचंद्रजी माहेश्वरी
जन्म : 15-11-1940 महाप्रयाण : 14-4-2005

धर्मयुक्तं सदार्द्र चित्तं पुरुषो कर्म हिते रतः ।
इच्छा बुद्धि प्रयासेन भवति प्राण प्रकाशकम ।।

जो पुरुष अपने चित्त को सदा भावनामय तथा धर्म युक्त रखते हुए हितकारक कर्मों में लगा रहता है, वह इच्छा, बुद्धि और प्रयास से प्राणों को प्रकाशित करने वाला हो जाता है.

नव भारत Central Chronicle
परिवार

**9 आईएएस के तबादले** ▶ बजट के बाद से ही आईएएस अफसरों की नए सिरे से जमावट की संभावना जताई जा रही थी

# उज्जैन, विदिशा, अशोकनगर और हरदा कलेक्टर बदले

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, राज्य सरकार ने रविवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 9 अफसरों के तबादले किये हैं. विधानसभा के बजट सत्र के बाद से ही आईएएस अफसरों की नए सिरे से जमावट की संभावना जताई जा रही थी. नई सूची में नई मैदानी जमावट की गई है, जिसके तहत 4 जिलों के कलेक्टर को बदल दिया गया है. इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह जिला उज्जैन भी शामिल है.**





इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा जिले के कलेक्टर को भी बदला गया है, इसी तरह अशोकनगर और हरदा में भी नए कलेक्टर की तैनाती की गई है.

उज्जैन जिले के मौजूदा कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को हटाकर रौशन कुमार सिंह को नया कलेक्टर बनाया गया है, सिंह अब तक विदिशा जिले की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, विदिशा जिले में अब अंशुल गुप्ता को कलेक्टर पदस्थ किया गया है. गुप्ता अब तक संचालक जनसंपर्क के पद पर पदस्थ थे. विदिशा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र हैं.

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| बसंत कुर्रे | जेसीईओ मप्र | अपर सचिव श्रम विभाग |
| नीरज कुमार सिंह | कलेक्टर उज्जैन | संचालक परियोजना लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भोपाल |
| सुभाष कुमार द्विवेदी | कलेक्टर अशोकनगर | अपर सचिव जीएडी |
| आदित्य सिंह | कलेक्टर हरदा | कलेक्टर अशोकनगर |
| रौशन कुमार सिंह | कलेक्टर विदिशा | कलेक्टर उज्जैन |
| सिद्धार्थ जैन | अपर कलेक्टर भोपाल | कलेक्टर हरदा |
| अंशुल गुप्ता | संचालक जनसंपर्क, ईडी मप्र माध्यम अतिरिक्त प्रभार | कलेक्टर विदिशा |
| सुश्री ज्योति शर्मा | अपर कलेक्टर इंदौर | सीईओ जिपं देवास |
| हिमांशु प्रजापति | सीईओ जिपं देवास | ईडी मप्र औद्योगिक विकास निगम इंदौर |